हरिभूमि
# रतन भूमि
रायपुर, सोमवार 23 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

09 भगवान श्रीराम का चरित्र हमें मर्यादा और सेवा सिखाता...



10 कपसीडीह को आज मिलेगा राजस्व ग्राम का दर्जा





## नवरात्रि विशेष



### पंचमीः स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेंगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्ही स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-

नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

# निरई माता धाम : बिना मूर्ति का मंदिर, स्वयं प्रज्ज्वलित होती है ज्योति!

## श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में टेका मत्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

चैत्र नवरात्रि के पहले रविवार को गरियाबंद स्थित प्रसिद्ध निरई माता धाम में श्रद्धा और विश्वास का अद्भुत संगम देखने को मिला। रविवार को आयोजित वार्षिक जात्रा में प्रदेश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु माता के दरबार में मत्था टेकने पहुंचे। ग्राम मोहेरा पुल से लेकर मंदिर की पहाड़ी तक करीब 12 किलोमीटर के दायरे में भक्तों की ऐसी भीड़ उमड़ी कि पैर रखने तक की जगह नहीं बची। निरई माता धाम की सबसे बड़ी विशेषता इसका साल में केवल एक बार चैत्र नवरात्रि के दौरान खुलना है। भक्तों को दर्शन के लिए मात्र 5 घंटे (सुबह 4 बजे से 9 बजे तक) का समय मिलता है। इसी सीमित समय में हजारों श्रद्धालुओं ने माता की पूजा-अर्चना की और मन्नतें पूरी होने पर परंपरा अनुसार हजारों की संख्या में बकरे की बलि अर्पित की। बिना किसी मूर्ति और भव्य मंदिर संरचना के, यह 200 वर्ष पुराना आस्था केंद्र आज भी रहस्यों से भरा है।



### सड़कों पर रेंगते रहे वाहन सुरक्षा के कड़े इंतजाम

श्रद्धालुओं की भारी संख्या के कारण रायपुर-गरियाबंद मार्ग और धमतरी के मगरलोड ब्लॉक की सड़कों पर घंटों जाम की स्थिति बनी रही। मान्यता है कि यदि कोई व्यक्ति नशे या गलत इरादे से मंदिर में प्रवेश की कोशिश करता है, तो मधुमक्खियां उस पर हमला कर देती हैं, जिसे माता का कोप माना जाता है। इस वर्ष पिछली बार की तुलना में रिकॉर्ड तोड़ भीड़ दर्ज की गई, जिससे प्रशासन और पुलिस को व्यवस्था बनाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।





स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, यहां नवरात्रि के दौरान बिना तेल के ज्योति 9 दिनों तक प्रज्ज्वलित रहती है, जिसे देवी का चमत्कार माना जाता है। मंदिर की एक और कड़ी परंपरा यह है कि यहाँ महिलाओं का प्रवेश पूरी तरह वर्जित है; केवल पुरुष ही भीतर जाकर पूजा संपन्न करते हैं।

## सुस्त रफ्तार : गांव में कई जगहों पर खोदी गई सड़कें और अधूरे चेंबर दे रहे हादसे को न्योता

# कोसमबूढ़ा में जल जीवन मिशन का कार्य अधूरा, ग्रामीण चंदा कर बुझा रहे हैं प्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'जल जीवन मिशन' योजना, जिसका लक्ष्य हर घर तक नल से जल पहुँचाना है, ब्लॉक के ग्राम कोसमबूढ़ा में ठेकेदारों की लापरवाही और भुगतान की कमी के कारण दम तोड़ती नजर आ रही है। आलम यह है कि 4 साल बीत जाने के बाद भी योजना का कार्य पूर्ण नहीं हो सका है, जिससे परेशान होकर अब ग्रामीण खुद चंदा कर पानी की व्यवस्था करने को मजबूर हैं। ग्राम के उप सरपंच ने बताया कि लगभग 4 साल पहले ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए गांव की गलियों को खोदा गया था, जिसे आज तक दुरुस्त नहीं किया गया है। इन गड्ढों की वजह से आए दिन ग्रामीण दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। इसके अलावा, गांव में कई जगहों पर नल कनेक्शन और चेंबर लगभग 4 से 5 मुख्य पॉइंट आधे-अधूरे और खुले पड़े हैं, जिससे जलापूर्ति सुचारू नहीं हो पा रही है।



### 100 रुपए का चंदा और निजी ऑपरेटर

प्रशासनिक अनदेखी से थक हारकर ग्रामीणों ने स्वयं की एक समिति बनाई है। इस समिति के माध्यम से प्रत्येक नल कनेक्शन से 100 रुपये का सहयोग लिया जा रहा है। इस राशि से गांव में एक निजी नल ऑपरेटर रखा गया है, जो सुबह-शाम पाइपलाइन में पानी चालू और बंद करने का काम करता है। हालांकि, तकनीकी खामियों और अधूरे निर्माण के कारण अभी भी पूरे गांव को समान रूप से पानी नहीं मिल पा रहा है।





### भुगतान रुकने से अटका काम

इस पूरे मामले में जब लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ नवीन साहू से चर्चा की गई, तो उन्होंने बताया कि पिछले 1 वर्ष से ठेकेदारों का भुगतान लंबित है, जिसकी वजह से क्षेत्र के कई कार्य अधूरे पड़े हैं। अभी तक किसी भी योजना को पूर्ण मानकर ग्रामीणों या पंचायत को नहीं सौंपा गया है। शासन से राशि प्राप्त होते ही शेष कार्यों को पूर्ण कर योजना हैंडओवर की जाएगी।





# पिता ने मासूम बेटी पर किया चाकू से हमला, फिर खुद का रेता गला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले से एक बेहद चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है। मैनपुर थाना क्षेत्र के कामेपुर गांव में एक पिता ने अपनी ही 06 साल की मासूम बेटी पर चाकू से हमला कर दिया और इसके बाद खुद को भी गंभीर रूप से घायल कर लिया। बताया जा रहा है कि यह घटना घर के आंगन में उस समय हुई, जब परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। आरोपी पिता महेंद्र नेताम (36 वर्ष) ने पास में रखे सब्जी काटने वाले चाकू से बेटी की गर्दन पर वार किया। बच्ची की चीख सुनकर उसकी मां तुरंत मौके पर पहुंची और किसी तरह बीच–बचाव किया। इस हमले में बच्ची की गर्दन के ऊपरी हिस्से में चोट आई। इसके बाद महेंद्र ने खुद के गले पर भी चाकू से वार करने की कोशिश की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार के लोगों ने तुरंत हस्तक्षेप कर चाकू छीन ▶▶|शेष पेज 9 पर



## खबर संक्षेप

### ऑटो की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** ऑटो की टक्कर से बाइक में सवार एक लड़की घायल हो गई। घटना की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को झामेंद्र दास मानिकपुरी ने बताया कि 18 मार्च को उसके बड़े भाई नरेंद्रदास मानिकपुरी अपनी मोटर सायकल के पीछे छोटी बहन वर्षा मानिकपुरी तथा भतीजे भव्यांश मानिकपुरी को बिठाकर ग्राम नायकबांधा से महासमुंद आ रहे थे। सुबह करीब 10.15 बजे मांगरमाडा मोड़ के पास पिटियाझर पहुंचे थे, तभी सामने से आ रहे ऑटो क्र सीजी 06 जीपी 5167 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफतार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर बाइक को ठोकर मार दिया। जिससे उसकी बहन वर्षा मानिकपुरी को चोट आई।

### अमर शहीद हेमू कालाणी की जयंती आज

रायपुर। क्रांतिवीर अमर शहीद हेमू कालाणी समिति द्वारा हेमू कालाणी चौक पर 23 मार्च को उनकी 103वीं जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष किशोर आहूजा एवं माडिया प्रभारी भरत पमनानी समेत अन्य पदाधिकारियों ने अनेक संतों, महापौर, नेता और पार्षदों को कार्यक्रम में शामिल होने निमंत्रण दिया है। संस्था के अध्यक्ष श्री आहूजा और श्री पमनानी ने बताया कि संस्था द्वारा विगत कई सालों से अमर शहीद हेमू कालाणी के जयंती व पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। समिति के संयोजक अनेश बजाज, त्रिलोकचंद चिमनानी, भरत बजाज, प्रेम बिरनानी, अमित वलेचा समेत अन्य तैयारियों में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम में समस्त सिंधी समाज से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।

### भजन सुनने गए युवक से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शीतला मंदिर भजन सुनने गए एक युवक के साथ मारपीट की घटना में आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 21 मार्च को सत्यदेव भारती अपने दोस्त घनश्याम बांधे, विजय पटेला के साथ शीतला मंदिर के पास भजन सुनने गया था। तभी रात्रि करीब 09.30 बजे गांव का गोपी यादव वहां पर आया और सत्यदेव और उसके साथ के साथ गाली गलौज करने लगा। मना करने पर आरोपी ने सत्यदेव भारती के साथ मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### इंटेकवेल में 20 मोटर 12 संचालन में, 8 आपात स्थिति के लिए सुरक्षित

**रायपुर।** नगर निगम के अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू ने शनिवार को नगर निगम के इंटेकवेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां स्थापित मोटर पंपों की क्षमता और संचालन के स्थिति की जानकारी जल विभाग के अधिकारियों से ली। इसके अलावा वहां स्थित सभी सब स्टेशन की प्रशासनिक व्यवस्थाा का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस दौरान जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंन्द्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**समारोह : फिंगेश्वर राज 84 गांव गोंड समाज का वार्षिक अधिवेशन**

# विकास के जुनून से बदलेगी राजिम की सूरत : विधायक रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

फिंगेश्वर राज स्तरीय 84 गांव आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज का वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह घटारानी चौक मेनगेट बुढ़ादेव मंदिर सांस्कृतिक मंच परिसर में शनिवार को गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में हुआ। मुख्यातिथि राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने कहा कि उनके जीवन में किसी भी प्रकार का नशापान नहीं है, बल्कि वे समाज को नशे की आदत से मुक्ति दिलाने के लिए निरंतर आग्रह करते रहे हैं। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि वे नशा छोड़कर स्वस्थ और सकारात्मक जीवन की ओर कदम बढ़ाएं। विधायक ने कहा कि यदि उन्हें किसी चीज़ का नशा है, तो वह केवल अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास का नशा है। इसी जुनून और प्रतिबद्धता के चलते राजिम क्षेत्र में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सुशासन के आशीर्वाद एवं सहयोग से क्षेत्र के विकास के लिए लगभग तीन हजार करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। इस धनराशि से आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ आम जनता की सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है। मेरा लक्ष्य राजिम को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है और इसके लिए वे निरंतर प्रयासरत रहूंगा।





### ये रहे शामिल

कार्यक्रम के दौरान समाज की मांग पर टीन शेड एवं आहाता निर्माण की घोषणा की गई। इस दौरान मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित साहू, गोड़ समाज फिंगेश्वर राज अध्यक्ष एंव प्रांताध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव, सरपंच छुईहा विद्या देवी गजेश्वर सिन्हा, भाजपा महामंत्री चन्द्रशेखर साहू, जिला अध्यक्ष परण ध्रुव, अध्यक्ष जनपद इंद्राणी नेहरू साहू, शीला ठाकुरअध्यक्ष सर्कल तीजराम, प्रदेश किसान मोर्चा मनीष हरित, डोमार ध्रुव, जनपद सदस्य प्रेमिन मिथलेश ध्रुव, भाजपा नेता गजेश्वर सिन्हा, सचिव मलेच्छु ध्रुव, कोषाध्यक्ष बाबुलाल, भानुप्रताप, गंगाराम नेताम, मंच संचालक उद्घोषक आशाकांत रजक मनीष, पूर्व अध्यक्ष रामजी साहू, भाजपा महामंत्री भुवन साहू ,जगदेव सिन्हा, खिलेश्वर साहू, दूर्गा यादव, उमेश ध्रुव, सलाहकार पुराणिक ध्रुव, केदार, अशोक कुमार ध्रुव, डागेश्वर ध्रुव, लालसिंग तीजराम ध्रुव, कृष्ण कुमार, कोमन ध्रुव, सियाराम ध्रुव, डोमार पदमन सिंह ध्रुव, ईतवारी राम जैनसिंग ध्रुव, जगत राम ध्रुव, गौतम ध्रुव एंव आगन्तुक अतिथि, समाज गंगा कि बुढ़ादेव मंदिर परिसर उपस्थित थे।

### समाज हित में आत्ममंथन की आवश्यकता : पन्नालाल ध्रुव

अध्यक्षीय एंव स्वागत सम्बोधन फिगेंश्वर राज 84 गांव अध्यक्ष एवं गोड़ समाज प्रांताध्यक्ष पन्ना लाल ध्रुव ने कहा आदिवासी गोंड ध्रुव समाज के विभिन्न सार्वजनिक आयोजनों और सभाओं में समाज के विकास, एकता और उत्थान को लेकर अनेक महत्वपूर्ण बातें कही जाती हैं। प्रांताध्यक्ष पन्ना लाल ध्रुव ने कहा की नशे की आदतों से दूर रहें। परिवार और समाज की नींव को कमजोर करता है।इसके साथ ही ध्रुव ने परिवारों को शिक्षा की ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर बालिकाओं ने आदिवासी वेशभूषा में अतिथियों का अभिनंदन कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मंच पर समाज के जनों द्वारा अतिथियों का फूल-माला, गुलदस्ता एवं मोमेंटो भेंट कर तथा विशेष आदिवासी पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया।

# रक्तदान शिविर में 63 यूनिट रक्त संग्रह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नव परिवर्तन समाजसेवी संस्था, नवापारा द्वारा प्रातः 8 बजे से शाम 4 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के करकमलों से पूजन-अर्चन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि परदेशी राम साहू, अध्यक्षता डॉ. उमेश भोई तथा विशिष्ट अतिथि पंचूराम साहू, श्याम यादव सहित मोहल्लावासी उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में युवाओं, महिलाओं एवं नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसमें कुल 63 यूनिट रक्तदान किया गया। समिति द्वारा रक्तदाताओं के लिए ठंडा पानी, फ्रूट चाट, जूस, चाय एवं कॉफी की व्यवस्था की गई। साथ ही रक्तदाताओं को समिति का प्रमाण पत्र, ब्लड सेंटर का प्रमाण पत्र, हेलमेट, नेक बैंड एवं स्मार्ट वॉच भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। सभी रक्तदाताओं को स्वस्थ रहने एवं सामाजिक रूप से जुड़े रहने की शुभकामनाएं दी गईं। इसी क्रम में संध्या काल में बुजुर्ग सम्मान एवं प्रतिभा सम्मान समारोह तथा रात्रि में जस झांकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुरेन्द्र साहू, अध्यक्षता अमरचंद देवांगन तथा विशिष्ट अतिथि दीपक रावलानी, दुलेश वर्मा, संतुराम साहू, द्रोण ठाकुर, मकसूदन साहू, पंचूराम साहू सहित मोहल्लावासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजन-अर्चन के साथ किया गया तथा अतिथियों का स्वागत तिलक, गमछा एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया गया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 18 एवं 19 के 34 बुजुर्गों एवं 1 प्रतिभावान छात्रा का शॉल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश साहू द्वारा किया गया। अंत में समिति के सदस्यों द्वारा आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

## सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन



**नवापारा-राजिम।** शहर के वार्ड नं 14 गाँधी चौक चूड़ी बाजार में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी –संजय साहू ने किया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, लोक निर्माण सभापति सचिन सचदेव, वार्ड पार्षद जीना–सुजीत निषाद, सभापति जग्गू यादव, पूजा कंसारी, पार्षद नम्मु ध्रुव, भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष धीरज साहू, पूर्व पार्षद मधु बाफना मौजूद थे।

### स्क्रैप यार्ड में छापा, भारी मात्रा में चोरी का सरिया और पिग आयरन जब्त

**रायपुर।** ग्रामीण पुलिस ने पुलिस कमिश्नरेट के क्षेत्र में एक स्क्रैप यार्ड में रेड कार्रवाई करते हुए सात लाख रुपए के करीब का सरिया तथा पिग आयरन जब्त किया है। बताया जा रहा है मंदिर हसौद थाने की पुलिस ने इतनी गोपनीय तरीके से छापे की कार्रवाई की, जिसकी भनक खमतराई पुलिस को नहीं मिल पाई। छापे की कार्रवाई शनिवार दोपहर की गई। पुलिस ने इस मामले में ट्रेलर चालक तथा माल खपाने वाले कबाड़ी को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ कर रही है। चंदन कुमार सिंह ने ट्रेलर सीजी 04 जेसी 6215 के चालक के खिलाफ सरिया चोरी करने की थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

## भेण्डरी एवं चंद्रसुर में रामचरित मानस का संगीतमय आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-भेण्डरी

ग्राम भेण्डरी के मौहापारा स्तंभ चौक में त्रिदिवसीय श्री रामचरित मानस चिंतन एवं मानसगान का आयोजन हुआ तीन दिनों तक भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के कथा को उपस्थित जनसमुदाय ने श्रवण किया। व्याख्याकारो ने कहा कि भगवान श्रीराम के त्याग, मर्यादा, समर्पण को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है। रामायण जीवन जीने की कला सिखाती है। इस कार्यक्रम में 27 मानसमंडलियो ने भाग लिया जिन्होंने भगवान श्रीराम कथा का यशोगान किया। कार्यक्रम के आयोजक जय महामाया मानस समिति मौहापारा थे जिसमें शत्रुघ्न सिन्हा, सेवक बांधे, संतोष देवांगन, कोमल साहू, मोहन साहू, कुशल साहू, जितेन्द नगारची, रामकृष्ण साहू, गीता यादव, चुनूं साहू तथा समस्त ग्रामवासियों का सहयोग रहा। भेण्डरी के साथ ही चंद्रसुर में भी श्री रामचरित मानस का संगीतमय सम्मेलन हुआ। यहां 26 मानस मंडलियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरपंच देवचरण साहू, जनपद सदस्य मूलचंद साहू तथा ग्रामवासियो का विशेष सहयोग रहा।

# भगवान झूलेलाल की जयंती पर निकली बाइक रैली व शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



**पूज्य सिंध समाज ने चेट्रीचंड पर्व धूमधाम से मनाया**



श्री झूलेलाल सांईं जी की जयंती चेट्रीचंड के पावन पर्व पर सिंध समाज नवापारा द्वारा झूलेलाल मंदिर से सुबह 9:30 बजे युवाओं द्वारा मोटरसाइकिल रैली निकालकर गंज रोड ,सदर रोड ,राजिम भ्रमण करते हुए वापस झूलेलाल मंदिर सिंधी कॉलोनी में समाप्त हुई। रैली में समाज के युवा सैकड़ो की संख्या में मोटरसाइकिलों पर सवार थे। 11 बजे मंदिर में भजन कीर्तन प्रारंभ हुआ। मंदिर के पुजारी वीरभान चंदानी एवं प्रेमचंद नागवानी द्वारा पल्लव एवं अरदास के साथ 1 बजे पूजा अर्चना कराया। दोपहर लंगर समाजजनों के लिए आयोजित था। लंगर प्रसादी का आनंद संपूर्ण समाज ने लिया। शाम 6 बजे सुसज्जित रथ में श्री झूलेलाल जी के छायाचित्र के समक्ष जलाई गई ज्योत को विसर्जन हेतु शोभा यात्रा( बहराणा साहब) निकाली गई। जिसमें सामने ढोल बाजे की टीम बजाते हुए चल रही थी उस पर समाज के युवा थिरक रहे थे। ढोल नगाड़ों के पीछे रथ पर श्री झूलेलाल सांई जी की मूर्ति एवं ज्योत चल रही थी। जिसके पीछे सैकड़ो की संख्या में समाज की महिलाएं चल रही थी। डीजे गाड़ी के पीछे सिंधु सेवा मंडल के राकेश मध्यानी,कमल नागवानी ,अनिल छाबड़ा ,दिनेश चंदानी ,सुरेश लालवानी ,भरत नागवानी ,सुमित पंजवानी ,राजा छाबड़ा सहित समाज के युवा तथा युवा बैंक के सदस्य ,सिंधु सेवा मंडल टीम द्वारा गाए जा रहे भजनों पर नाच रहे थे।

शोभायात्रा सिंधी कॉलोनी से प्रारंभ होकर गंज रोड ,पंजवानी चौक ,महावीर चौक होते हुए नेहरू घाट महानदी में महाआरती एवं पल्लव अरदास के साथ संपन्न हुई। शोभा यात्रा का अनेक स्थानों पर सामाजिकजनों द्वारा शीतल पेय शरबत, फ्रूटी, कोल्डड्रिंक, आइसक्रीम आदि की व्यवस्था की गई थी। सभी कार्यक्रमों में सिंध समाज के वरिष्ठजन, महिला मंडल, युवा विंग ने अपना पूर्ण समय देकर आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। सभी कार्यक्रमों में मुख्य रूप से समाज के अध्यक्ष सुंदरदास पंजवानी, नंदलाल सायरानी, प्रतापराय छाबड़ा, प्रेमचंद सुंदरानी, नानकराम खुराना, किशन राजपाल, अशोक नागवानी, धनराज मध्यानी, संदीप धामेजानी, सुनील धामेजानी, अनिल पंजवानी, ईश्वर जगवानी, गोविंदा राजपाल, नानक मूलचंदानी, हीरानंद नरवानी, भूषण मेघवानी, महेश लालवानी, सुरेश नागवानी, करतार सिंह, सावन लालवानी, आइल सिंघानी, सुरेश लालवानी ,लकी मेघवानी ,दीपक नागवानी ,नानकराम गोविंदानी ,बृजलाल सेवानी, शंकर सेवानी, किशोर फोटानी, सचिन सचदेव, प्रकाश सचदेव, संतोष माखीजा, सुदामा मध्यानी मंथन मध्यानी, मयूर साधवानी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल थे।

# पाकिस्तान के रास्ते पंजाब से लेकर छत्तीसगढ़ तक फैला है मादक पदार्थ तस्करी का जाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धान के कटोरा छत्तीसगढ़ को हेरोइन, अफीम, कोकीन जैसे घातक किस्म के मादक पदार्थों का कटोरा बनाने की फिराक में पंजाब सहित अन्य राज्य के ड्रग माफिया सुनियोजित तरीके से साजिश कर रहे हैं। इसी कड़ी में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, क्राइम ब्रांच तथा पुलिस की टीम ने पंजाब के चार हार्डकोर तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिन ड्रग तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उनके खिलाफ रायपुर के अलग-अलग थानों में एनडीपीएस के प्रकरण दर्ज हैं। एक तस्कर के कब्जे से पुलिस ने इटालियन मेड सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल के साथ एक जिंदा कारतूस जब्त किया है। कमिश्नरेट पुलिस ने पंजाब, तरन तारण निवासी कवलजीत सिंह पन्नू, पंजाब, मोगा निवासी तरसेम सिंह उर्फ साजन, विक्की सिंह और पंजाब, फिरोजपुर निवासी जनक राज को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 12 ग्राम के करीब हेरोइन जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों के चार अन्य साथियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

- **एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स क्राइम एवं पुलिस की टीम ने पंजाब से चार हार्डकोर तस्करों को किया गिरफ्तार**

**एक तस्कर के कब्जे से इटालियन मेड सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल के साथ बुलेट जब्त**



### कुरियर और ट्रक से तस्करी

पुलिस जांच में तस्करों द्वारा अलग-अलग तरीके से ड्रग तस्करी करने की जानकारी पुलिस को मिली है। पुलिस के अनुसार तरसेम सिंह और विक्की कुरियर के माध्यम से रायपुर ड्रग भेजने की व्यवस्था करते थे। कुरियर में सामान के बीच तस्कर ड्रग को इस सलीके से पैक करके रखते थे कि किसी को पार्सल में ड्रग होने का शक न हो। एक अन्य तस्कर जनक राज ट्रक चालकों के माध्यम से ड्रग सप्लाई करता था, जो वैध सामान की आड़ में हेरोइन तथा अन्य मादक पदार्थ छिपाकर लाते थे। इस तरह नेटवर्क बेहद संगठित और तकनीकी रूप से सतर्क तरीके से काम कर रहा था।

### कंवलजीत का नेटवर्क पाकिस्तान के तस्करों से

पूर्व में गिरफ़्तार किए गए रूपिंदर उर्फ पाब्लो गैंग के सदस्यों की जांच के दौरान सामने आया कि कवलजीत सिंग पन्नू इस तस्करी श्रृंखला में 'टियर-1' अर्थात सर्वोच्च स्तर का ड्रग सप्लायर था, वह पाकिस्तान से सटे पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय तस्करी नेटवर्क से सीधे हेरोइन की खरीदी करता था। इस प्रकार वह आपूर्ति श्रृंखला की सबसे ऊपरी कड़ी के रूप में कार्य करते हुए रूपिंदर जैसे वितरकों को हेरोइन उपलब्ध कराता था, जो आगे रायपुर तथा अन्य शहरों में माल पहुंचाते थे। कंवलजीत को पंजाब पुलिस पूर्व में कई बार ड्रग तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर चुकी है।

**गिरफ्तार तस्करों का देश के कई राज्यों में नेटवर्क**

ड्रग तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने पंजाब के जिन चार ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है, उनका नेटवर्क देश के कई राज्यों के ड्रग तस्करों के साथ है। पुलिस ड्रग तस्करों की रिमांड हासिल कर उनसे पूछताछ करेगी। पुलिस को जो जानकारी मिली है, ड्रग तस्करों का नेटवर्क पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, दिल्ली से लेकर महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश तक फैला हुआ है। गिरफ्तार तस्कर ने महाराष्ट्र के ड्रग तस्करों के माध्यम से रायपुर में नेटवर्क खड़ा किया था।

## जिले के ब्लॉकों में प्रभारियों की नियुक्ति 15 दिनों में गठित होंगी बूथ कमेटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिले के सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के अंतर्गत बूथ, पंचायत एवं वार्ड कमेटियों का गठन अनिवार्य रूप से कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं।संगठन के सुचारू संचालन को ध्यान में रखते हुए जिला पदाधिकारियों को विभिन्न ब्लॉकों का प्रभारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार पन्नालाल ध्रुव को गरियाबंद ग्रामीण,राजेश साहू को गरियाबंद शहर, पवन सोनकर को फिंगेश्वर,कमल यादव को संबंधित क्षेत्र,प्रहलाद यादव को छुरा,खेदू नेगी को मैनपुर,मेघराम बघेल को अमलीपदर तथा कुंजलराम यादव को देवभोग क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। इनके साथ सह-प्रभारी के रूप में अन्य पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। सभी प्रभारियों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों का दौरा कर संबंधित विधानसभा के विधायक अथवा पूर्व विधायक,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष,पदाधिकारी एवं स्थानीय वरिष्ठ कांग्रेसजनों की बैठक आयोजित करें। बैठक के माध्यम से बूथ, पंचायत एवं वार्ड स्तर पर कमेटियों का गठन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही निर्देश दिया गया है कि सभी प्रभारी अपने क्षेत्र में ब्लॉक अध्यक्षों से तत्काल संपर्क स्थापित कर 15 दिनों के भीतर कमेटी गठन की प्रक्रिया पूर्ण कर उसकी सूची जिला कार्यालय में जमा करें।यह आदेश संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जारी किया गया है।

# मेटल पार्क के पास खाली प्लाट में कंकाल मिलने से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



उरला थाना के आद्योगिक क्षेत्र मेटल पार्क के एक खाली प्लाट में कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। कंकाल मिलने की घटना शनिवार की है।

- **फोरेंसिक जांच, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत के कारणों का पता चलेगा**

कंकाल की पहचान कपड़ों के आधार पर कर ली गई है। जिस व्यक्ति का कंकाल मिला है, कपड़ों के आधार पर मृतक के बेटे ने कंकाल को अपने पिता का बताया है। मौके पर पुलिस तथा फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम जांच करने पहुंची है। जिस व्यक्ति का कंकाल बताया जा रहा है, उसकी पुष्टि के लिए कंकाल की हड्डी का डीएनए सैंपल जांच करने लैब भेजा जाएगा। शुरुआती जांच और कपड़ों के आधार पर मृतक की पहचान दिलीप (उम्र करीब 45-50 वर्ष) के रूप में की गई है। दिलीप करीब एक महीने से लापता था। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक दिलीप तीन मार्च से घर से लापता था। परिजनों ने 14 मार्च को विधानसभा थाना में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी वह एक बार घर से गायब हुआ था, लेकिन कुछ समय बाद खुद ही लौट आया था। इस बार लंबे समय तक कोई जानकारी नहीं मिलने पर परिजन चिंतित थे। घटना स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शव पूरी तरह गल चुका है और केवल हड्डियां ही बची हैं।

ऐसे में मौत के कारणों का तत्काल पता लगाना मुश्किल है। हालांकि, पुलिस इस मामले को संदिग्ध मानते हुए हत्या के एंगल से भी जांच कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात बदमाशों ने दिलीप की हत्या कर शव को सूनसान इलाके में फेंक दिया, ताकि सबूत मिटाए जा सकें।

## खबर संक्षेप



### 20 कुत्तों को लगा टीका

**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी आवारा पशुओं के स्वास्थ्य एवं रेबीज नियंत्रण योजना के तहत फिंगेश्वर नगर पंचायत द्वारा शनिवार को शहर भर में फैले आवारा कुत्तों का एंटी रेबीज वैक्सीनेशन अभियान तेजी से और सफलतापूर्वक जारी है। नगर के बस स्टैंड, मुख्य बाजार, प्रमुख चौक-चौराहों, मंदिर परिसरों से लेकर स्कूल-कॉलेज तक विशेष टीम द्वारा कुत्तों को सुरक्षित पकड़कर नगर क्षेत्र 20 आवारा कुत्तों को एंटी रेबीज वैक्सीन लगाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देशन में कार्य कर रही टीम ने प्रत्येक टीकाकृत कुत्ते की पहचान के लिए ईयर-नॉचिंग का विशेष निशान लगाया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी चन्दन मानकर ने बताया कि हमारा लक्ष्य फिंगेश्वर को पूरी तरह रेबीज-मुक्त क्षेत्र बनाना है। इस अभियान में नागरिक सुरक्षा और पशु-कल्याण दोनों हमारी प्राथमिकता हैं। पशु-चिकित्सा अधिकारी के अनुसार लगाई गई वैक्सीन एक वर्ष तक प्रभावी सुरक्षा प्रदान करती है, जिससे शहर में रेबीज संक्रमण का खतरा काफी हद तक कम होगा।

### ईद पर दिखी भाईचारे की मिसाल



**राजिम।** ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर आपसी भाईचारे, सौहार्द्र और मानवीय संवेदनाओं की सुंदर मिसाल राजिम शहर में देखने को मिली। जब नगर के व्यवसायी गुलाम खोखर ईद के मौके पर सेवई और मिठाइयाँ लेकर अपने खास मित्र राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू के निवास पहुँचे। इस अवसर पर दोनों के बीच पुराने संघर्ष के दिनों की स्मृतियाँ ताजा हुईं। बताया गया कि गुलाम खोखर हमेशा से सार्वजनिक कार्यक्रमों में निस्वार्थ भाव से आर्थिक एवं मानसिक सहयोग प्रदान करते है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। ऐसे सहयोगी का ईद जैसे पावन पर्व पर घर आना भावुक कर देने वाला क्षण रहा। मेजबान राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ,महामंत्री रामकुमार साहू ,संगठन मंत्री अमृत साहू ,मोहित साहू ,तरुण साहू ,राजू साहू ,विष्णु साहू द्वारा पूरे आत्मीयता और अपनत्व के साथ खोखर का आत्मीय स्वागत किया तथा गले लगाकर ईद की बधाई दी। इस अवसर पर ईद के संदेश-प्रेम, एकता, शांति और भाईचारे-को व्यवहार में उतारते हुए आपसी सौहार्द्र का परिचय दिया गया।

**कार्यक्रम :** विधायक ने 25 लाख के शेड का किया लोकार्पण, 15 लाख की घोषणाएं

# भगवान श्रीराम का चरित्र हमें मर्यादा और सेवा सिखाता है : रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम क्षेत्र के प्रत्येक गांवों में मानस गान सम्मेलन की बयार चल रही है इसी क्रम में क्षेत्र के ग्राम श्यामनगर में आयोजित त्रि-दिवसीय श्रीरामचरित मानस गान सम्मेलन का भक्तिमय आयोजन ग्रामवासियों द्वारा किया गया। उक्त आयोजन के दौरान कार्यक्रम में विधायक रोहित साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, सरपंच प्रतिनिधि वामन निर्मलकर,पूर्व सरपंच प्रतिनिधि प्रकाश साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने मानस सम्मेलन के मंच से सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए गांव के विकास के लिए लाखों रुपये के कार्यों की सौगात भी दी। विधायक रोहित साहू ने ग्राम श्यामनगर में 25 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित टीन शेड का विधि-विधान से लोकार्पण कर ग्रामवासियों को समर्पित किया। ग्रामीणों की मांग और गांव की आवश्यकता को देखते हुए विधायक ने मंच से 15 लाख रुपये के नए विकास कार्यों की घोषणा भी की जिसमें 10 लाख रुपये टीन शेड निर्माण हेतु तथा पेवर ब्लॉक लगाने हेतु 5 लाख रुपए की घोषणाएं शामिल हैं। उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि भगवान श्रीराम का चरित्र हमें मर्यादा और सेवा सिखाता है। श्यामनगर की पावन धरा पर मानस गान का यह आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। मेरा लक्ष्य सड़कों और भवनों की निर्माण के साथ ही हर गांव को आत्मनिर्भर और सुविधा संपन्न बनाना है। यह 25 लाख का टीन शेड ग्रामीणों के सामाजिक कार्यों में सहायक होगा और आज जो 15 लाख की घोषणा की गई है, उसे भी जल्द पूरा किया जाएगा। जनपद पंचायत अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जब धार्मिक आयोजन होते हैं, तो वहां सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। पंचायत स्तर पर हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि बुनियादी सुविधाएं हर घर तक पहुंचे। विधायक जी के नेतृत्व में श्यामनगर विकास की नई इबारत लिख रहा है। टीन शेड और पेवर ब्लॉक जैसे कार्यों से गांव की सूरत बदलेगी।





श्यामनगर में मानस गान सम्मेलन में शामिल हुए विधायक

### सरकार अंत्योदय के मूलमंत्र पर कार्य कर रही : चंद्रशेखर साहू

भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि भाजपा की सरकार अंत्योदय के मूलमंत्र पर कार्य कर रही है। आज श्यामनगर में दिख रहा जनसैलाब इस बात का प्रतीक है कि लोग अपनी संस्कृति और विकास दोनों के प्रति सजग हैं। विधायक रोहित साहू जी जनभावनाओं के अनुरूप त्वरित निर्णय लेकर क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। सरपंच प्रतिनिधि वामन निर्मलकर ने भी संबोधित करते हुए कहा कि हमारे ग्राम पंचायत के लिए आज गौरव का दिन है। हमने विधायक जी के समक्ष गांव की जो भी मांगें रखीं, उन्होंने सहृदयता से उन्हें स्वीकार किया। 25 लाख का टीन शेड बनने से अब बड़े आयोजनों में सुविधा होगी और नई घोषणाओं के लिए हम समस्त ग्रामवासी विधायक जी का आभार व्यक्त करते हैं। कार्यक्रम के दौरान मानस मंडलियों ने श्रीराम के जीवन प्रसंगों का सजीव वर्णन किया जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक बाजे-गाजे और पुष्पहारों से किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से धनीराम साहू, रामजी साहू, प्रेमलाल साहू,कृशलाल साहू, मनोज साहू, चितरंजन साहू, कोमल साहू, नेहरू साहू, कीर्तन साहू, नंद साहू, अशोक साहू, चेतन साहू, सागर साहू, डीके डड़सेना, तिहारू साहू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### धर्मांतरण कराने वाले के हौसलें स्वमेव पस्त होंगे: किशोर देवांगन

**नवापारा-राजिम।** प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा विधानसभा में पारित किए गए छग धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री किशोर देवांगन ने कहा कि इस विधेयक के आ जाने से अब प्रदेश की जातिगत जनसंख्या को प्रभावित करने के लिए, किए जा रहे धर्म विरोधी लोगों के दुष्प्रयासों को विफल करने में सहायता मिलेगी। प्रदेश में लंबे समय से सनातन विरोधी लोगों द्वारा सनातन धर्म के विरुद्ध एक तरह से अप्रत्यक्ष युद्ध छेड़ रखा गया है। चूंकि अभी तक जबरदस्ती धर्म परिवर्तन को लेकर प्रदेश में कोई ठोस कानून नहीं था, इसलिए ऐसे सनातन विरोधी लोगों के हौंसले बुलंद थे। लेकिन साय सरकार द्वारा पारित विधेयक में जबरदस्ती धर्म परिवर्तन कराने वाले लोगों के विरुद्ध इतने सख्त व ठोस सजा के प्रावधान किए गए हैं कि विदेशी ताकतों के इशारों पर जबरदस्ती धर्मांतरण करवाने वाले लोगों के हौंसले स्वयमेव पस्त हो जाएंगे। इससे न केवल सनातनधर्मियों की संख्या घटाने के षड्यंत्र को विफल किया जा सकता है बल्कि अन्य धर्म की संख्या भी सुरक्षित रखी जा सकती है।



## नवापारा में भाईचारे के साथ मनाई गई ईद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा शहर में ईद-उल-फितर के अवसर पर आपसी भाईचारे और सौहार्द्र पूर्ण वातावरण देखा गया। मुस्लिम भाईयों ने यह पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाया। वातावरण खुशनुमा रहा।



## विधायक ने माता झरझरा और घटारानी में टेका मत्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

हाल ही में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू माता रानी झरझरा और घटारानी मंदिरों में मत्था टेका और आशीर्वाद लिया उन्होंने माता की पूजा-अर्चना की और श्रीफल तथा शृंगार सामग्री भेंट की। क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, जिला पंचायत सदस्य नंदनी साहू, जनपद अध्यक्ष नीरा ठाकुर, छुरा जनपद अध्यक्ष इन्द्राणी साहू, फिंगेश्वर, राजू साहू भाजपा नेता, जगदीश साहू भाजपा नेता, नेहरू साहू, ओमकार साहू, अभिषेक चतुर्वेदी, बल्ला साहू राजिम, पंकज यादव जनपद सदस्य, किशोर साहू, होमेश्वरी थानेश्वर साहू सरपंच, गोदावरी साहू जनपद सदस्य, टीकम साहू, वीरेंद्र साहू भाजपा नेता, भाजपा नेता सहित आयोजक समिति झरझरा रेखराम राम साहू, अध्यक्ष ढालू राम साहू, अध्यक्ष अनिल कुमार साहू, सचिव एवन कुमार साहू, उपाध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, सह सचिव रोशन लाल साहू, सह सचिव दीपक कुमार ध्रुव, सरपंच इंद्रजीत महाडिक, संरक्षक हेमन्त सांग, संरक्षक अभिषेक चतुर्वेदी, संरक्षक अर्जुन सुंदरनी, बलराम साहू, घनश्याम पटेल, सुरेंद्र साहू, विक्की साहू मौजूद रहे। विधायक रोहित साहू ने उपस्थित जन मानस से भेंट मुलाक़ात करते हुए भोग भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। काफ़ी समय तक रोहित साहू ने कथा मंडल में घूम घूम कर लोगों की बातो कों सुनी। इस दौरान महिला समूहों की कुछ समस्याओं कों तत्काल हल किया। जन सैलाब मे रोहित साहू के नारे जोर शोर से लगने लगे, इधर सात दिवसीय श्रीमद देवी भागवत पुराण का भी श्रवण किया। मुख्य मंच पर विराजमान कथा वाचक छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र पंडित युवराज पांडे जी से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया, कथा सुनंने हजारों की सांख्य मे भक्तो की भीड़ उमड़ी हुई थी कथा के दूसरे दिवस भगवान कृष्ण और श्रीरामचंद की कथा वो विस्तार रूप से भक्तो कों श्रवण कराया, विधायक रोहित साहू ने लाखो रूपये के टीन शेड का लोकार्पण किया।

■ लाखों के विकास कार्यों का किया लोकार्पण





## 31 मार्च तक जमा करें टैक्स, वरना कटेगा 1000 रुपए का जुर्माना और लगेगी सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

नगर पालिका परिषद अभनपुर के राजस्व विभाग ने संपत्ति कर सहित अन्य करों की वसूली अभियान को तेज कर दिया है। कर भुगतान में लापरवाही बरतने वाले बकायादारों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी गई है। बावजूद इसके कई करदाताओं द्वारा अब तक बकाया राशि जमा नहीं की गई है, जिसे देखते हुए पालिका प्रशासन 31 मार्च 2026 के बाद कड़ी कार्यवाही करने के मूड में है। नगर पालिका की दुकानों का भी काफी कर बकाया है। ऐसे में आगामी दिनों में कर भुगतान नहीं करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सीलबंदी की कार्रवाई की जाएगी। वहीं 1 अप्रैल 2026 से बकाया कर जमा करने पर 1000 रुपये जुर्माना तथा 6.25 प्रतिशत सरचार्ज वसूला जाएगा। करदाताओं की सुविधा के लिए अलग-अलग वार्डों में जिम्मेदार अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। वार्ड क्रमांक 1 से 5 तक के लिए योगेश साहू, वार्ड 6 से 10 तक संतोष कुमार ताम्रकार एवं वार्ड 11 से 15 तक धर्मेन्द्र धृतलहरे से संपर्क कर टैक्स जमा किया जा सकता है। इसके अलावा नगर पालिका की राजस्व शाखा में पहुंचकर भी करों का भुगतान किया जा सकता है। पालिका प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि चेक के माध्यम से टैक्स भुगतान केवल 24 मार्च 2026 तक ही स्वीकार किया जाएगा। इसके बाद अन्य माध्यमों से ही भुगतान करना होगा। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ कुमार शर्मा ने बताया कि समय पर कर जमा नहीं करने वालों पर अधिभार लगाया जाएगा। साथ ही नगर के 100 बड़े बकायादारों की सूची प्रमुख स्थानों पर चस्पा की जाएगी और समाचार पत्रों में भी प्रकाशित की जाएगी। पालिका प्रशासन ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अपनी जिम्मेदारी समझते हुए 31 मार्च 2026 से पहले सभी बकाया करों का भुगतान कर दें, ताकि किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई से बचा जा सके।

■ अभनपुर नगर पालिका की सख्त चेतावनी

## प्राथमिक शाला भेंडरी में बाल मैत्री कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा




महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आंगनबाड़ी केंद्रों में दर्ज 4 से 6 वर्ष आयु के बच्चों के लिए "बाल मैत्री कार्यक्रम" का आयोजन 20 मार्च को शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हें बच्चों को प्राथमिक शाला के वातावरण से परिचित कराना एवं उनके मन में विद्यालय के प्रति रुचि एवं अपनापन विकसित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत भेंडरी की सरपंच तुलेश्वरी लीलाराम साहू उपस्थित रहीं। उनके साथ विद्यालय के शिक्षकगण एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों के स्वागत एवं परिचय सत्र से हुई, जिसमें शिक्षकों ने बच्चों को विद्यालय परिसर, कक्षाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया।इस अवसर पर बच्चों के लिए विभिन्न बाल-मैत्री गतिविधियों जैसे खेल, गीत, कहानी एवं चित्रांकन का आयोजन किया गया, जिससे बच्चों ने आनंदपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने एवं विद्यालय के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाने का प्रयास किया गया। सरपंच तुलेश्वरी साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उन्हें प्रारंभ से ही शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के इस प्रयास की सराहना की।कार्यक्रम के अंत में बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप चॉकलेट वितरित की गई तथा सभी उपस्थित जनों ने इस पहल को सराहनीय बताया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण भागचंद चतुर्वेदी, लालजी सिंहा, टीकूराम ध्रुव, प्रदीप कुमार साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता टामिन साहू रेखा साहू , बोधेश्वरी ध्रुव, उपसरपंच ऐलुराम साहू, पंच चित्ररेखा यादव एवं ग्रामीणजन शांति यादव, रेखा यादव, हिसिता साहू, पायल साहू मोनिका यादव उपस्थित रहे।

## चंपेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ रहा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

पंचकोशी धाम के चंपेश्वर महादेव मंदिर में नवरात्रि पर्व की शानदार धूम मची हुई है। क्षेत्र का यह प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। यहां इन दिनों श्रद्धा और भक्ति की अदभुत बयार बह रही है। नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर मां दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना और आरती हो रही है, जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों सहित चंपारण नगर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर माँ दुर्गा और भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर रहे हैं। श्रद्धालु अपने परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली के लिए माँ दुर्गा के चरणों में नारियल, चुनरी और पुष्प अर्पित कर मनोकामनाएं मांग रहे हैं। मंदिर में पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना से माहोल धर्ममय हो गया है। साथ ही ज्योति कलश प्रज्वलित कर विशेष अनुष्ठान भी किए जा रहे हैं। पूरे परिसर में भजन-कीर्तन और धार्मिक गीतों की मधुर ध्वनि से वातावरण और भी आध्यात्मिक हो उठा है।

■ पंचकोशी धाम में गूंज रहे जयकारे





**दूर-दराज से पहुंच रहे श्रद्धालु-** पंचकोशी धाम की परंपरा के अनुसार इस मंदिर को विशेष महत्व प्राप्त है, जहाँ माँ दुर्गा की पूजा में बड़ी संख्या में लोग भक्तिभाव से शामिल हो रहे है। स्थानीय प्रशासन एवं मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, साफ-सफाई और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। स्वयंसेवकों की टीम भी व्यवस्था संभालने में जुटी हुई है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर चंपेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ रही आस्था न केवल धार्मिक परंपराओं को जीवंत कर रही है, बल्कि क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार भी कर रही है। आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ने की संभावना है, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति के रंग में रंगा नजर आएगा।

## उमरपोटी के खल्लारी मंदिर में 212 मनोकामना दीप प्रज्वलित

**नवापारा-राजिम।** ग्राम उमरपोटी के माता खल्लारी मंदिर में श्रद्धा और आस्था का अदभुत संगम देखने को मिल रहा है। यहां 212 मनोकामना दीप प्रज्जवलित किए गए है। पंडा आल्हा पटेल, रिखी तारक ,मनबोध पटेल ने बताया कि माता खल्लारी के दर्शन के लिए क्षेत्र के साथ-साथ दूर-दूर से भक्ति, आस्था और विश्वास के साथ लोग आते है। मनोकामना पूर्ण होती है। यहां माता खल्लारी मंदिर में प्रतिदिन पूजा- आरती एवं सेवागीत में बड़ी संख्या में लोग शामिल होते है।



पेज 7 के शेष...

### पिता ने मासूम...

लिया और दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टर हरीश चौहान ने बताया कि बच्ची की हालत फिलहाल स्थिर है और उसके घाव ज्यादा गहरे नहीं हैं। वहीं, पिता के गले में गहरा जख्म होने के कारण उसे ज्यादा खून बहा, इसलिए प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए रायपुर के मेकाहारा अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, महेंद्र की मानसिक स्थिति पिछले कुछ दिनों से ठीक नहीं थी, और संभवतः इसी वजह से उसने यह कदम उठाया। पुलिस अब पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। मैनपुर पुलिस मामले पर जांच कर रही है।



## खबर संक्षेप

### गैस संकट सरकार की नीतिगत विफलता का परिणाम है : रूद



**छुईहा बेलर।** प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य रूद्रसेन सिन्हा ने सरकार के गैस की कोई कमी नहीं, दावे को भ्रामक बताते हुए कहा कि देशभर में गैस संकट सरकार की नीतिगत विफलता का परिणाम है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब कमी नहीं है तो जनता को सिलेंडर के लिए लंबी कतारों में क्यों लगना पड़ रहा है। साथ ही गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी और समय पर उपलब्धता न होने से आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। छत्तीसगढ़ में घरेलू व कमर्शियल गैस की अनियमित आपूर्ति से होटल-रेस्टोरेंट और मजदूर परिवारों पर भी असर पड़ा है। कई जगह लोगों को मजबूरी में वैकल्पिक ईंधन अपनाना पड़ रहा है। इसी के विरोध में आम आदमी पार्टी ने राजिम में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा और गैस की नियमित आपूर्ति, कालाबाजारी पर रोक व बेहतर वितरण व्यवस्था की मांग की। पार्टी ने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान नहीं होने पर व्यापक आंदोलन किया।

### झरझरा मंदिर प्रांगण मुरमुरा में कवि सम्मेलन आज

**कोपरा।** चैत्र नवरात्रि के पंचमी तिथि के पावन अवसर पर 23 मार्च को 11 बजे से 1 बजे तक आचार्य पंडित युवराज पांडेय के श्रीमद देवी भागवत कथा प्रारंभ होने के पूर्व झरझरा मंदिर प्रांगण में विराट कवि सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें प्रसिद्ध हास्य व्यंग कवि काशीपुरी कुंदन, प्रसिद्ध गीतकार मीर अली मीर, हास्य कवि कृष्णा भारती, अंतरराष्ट्रीय कवि नूतन लाल साहू, गीतकार टीकम चंद दिवाकर, हास्य कवि मकसूदन साहू, बरीवाला, प्रसिद्ध कवि, मंच संचालक संजय कबीर शर्मा प्रस्तुति देंगें। कवि सम्मेलन के साथ ही साथ नशा मुक्ति एवं जन जागरण अभियान के तहत भी उपस्थित जनसमुदाय को संदेश दिया जायेगा। यह पहला अवसर होगा कि झरझरा मंदिर प्रांगण में विराट कवि सम्मेलन होने जा रहा है। अंतराष्ट्रीय स्तर के कवियों को सुनने के लिए आम लोगों में अति उत्साह है क्योंकि मनोरंजन के साथ ही साथ ज्ञान की बातें जानने और सुनने को मिलेगा।

**समस्या : मैनपुर-देवभोग मार्ग में आए दिन दुर्घटनाओं से जाम के कारण यात्री हो रहे परेशान**

# एनएच 130सी पर कोदोमाली के पास सीमेंट से भरा ट्रक पलटा, 10 किमी लंबा जाम; 8 माह में 50 से अधिक मौतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

रायपुर मैनपुर देवभोग से ओड़िसा को जोड़ने वाला नेशनल हाईवे 130 सी मुख्यमार्ग में लगातार दुर्घटनाओं के चलते सड़क जाम हो रही है। आए दिनों सैकड़ों वाहनों की काफीला जंगल में फंस रही है। हजारों यात्री परेशान हो रहे हैं लेकिन इस मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण और मरम्मत के तरफ संबंधित विभाग द्वारा ध्यान नहीं देने से क्षेत्र के लोगों का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है, पिछले 8 माह के भीतर इस मार्ग में 50 से ज्यादा लोग दुर्घटना के शिकार के चलते मौत के गाल में समा चूके है और सैकड़ो लोग घायल हुए है। आज रविवार को एक बार फिर इस मार्ग में मैनपुर से महज 18 किमी दूर कोदोमाली के पास सिमेंट से भरा ट्रक सड़क के बीचोबीच पलट गया जिससे इस मार्ग में दोनो ओर 10 किमी तक जाम लग गई है और कोई भी वहन पार नहीं कर पा रहा है जिसके कारण हजारों यात्री जंगल में फंसे हुए है। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा सड़क बहल करने की किया जा रहा है। नेशनल हाईवे 130 पर एक बड़ा हादसा उस समय सामने आया जब कोदोमाली के पास खतरनाक मोड़ पर सीमेंट से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक पलटते ही उसमें भरी सैकड़ों सीमेंट की बोरियां सड़क पर बिखर गईं और कुछ ही मिनटों में पूरा हाईवे जाम की गिरफ्त में आ गया दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई है।



**हाईवे सड़क किनारे सोल्डर में जानलेवा गड्ढे**

नेशनल हाईवे 130 सी रायपुर से देवभोग ओडिसा को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग में झरियाबाहरा से लेकर मंदांगमुड़ा गोहरापदर तक सिंगल सकरी सड़क में इन दिनों लगातार दुर्घटनाओं से इस मार्ग में चलने वाले राहगीरों एंव वाहन चालकों में भारी दहशत और डर देखने को मिल रहा है, झरियाबाहरा से लेकर मदांगमुडा तक सोल्डर किनारे कही कही पर चार पांच फीट गहरे गढढे हो गये है जिसमें साईड देते समय वाहन के पहिए जाते ही वाहन पलट रहे है और सड़क में जाम लग रहा है, कई बार क्षेत्र की जनता इस जर्जर सड़क की मरम्मत की मांग कर थक चुके है लेकिन संबधित विभाग द्वारा ध्यान नही देने से अब राहगीरों में भारी नराजगी देखने को मिल रही है, राष्ट्रीय राज मार्ग मैनपुर देवभोग की स्थिति दिन ब दिन बेहद खराब होती जा रही है, इस जर्जर खराब सडक में आए दिनों दुर्घटनाए आम बात हो गई है, जिसके चलते क्षेत्र के लोगो में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है, राजधानी रायपुर से मैनपुर देवभोग होते हुए ओडिसा को जोडने वाला एक प्रमुख नेशनल हाईवे मार्ग अभनपुर से देवभोग ओडिसा सीमा तक 195 किलोमीटर सडक को नेशनल हाईवे घोषित किए 7–8 वर्ष हो चुका है लेकिन आज तक इस नेशनल हाईवे मार्ग की हालत नही बदल पाई है।

### सड़क मरम्मत की मांग

बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं केन्द्रीय परिवाहन सड़क परिवाहन मंत्री नितीन गढ़करी को पत्र लिखकर मांग किया है कि लगातार इस सड़क में दुर्घटना बढ गई है सिंगल सड़क किनारे पटरियों की मरम्मत करवाई जाए। विधायक जनक ध्रुव ने बताया इस सड़क में आए दिनो दुर्घटना हो रही है और भाजपा सरकार द्वारा इसे नेशनल हाईवे भी घोषित किया गया है लेकिन अब तक झरियाबाहरा मदांगमुड़ा तक सड़क चौड़ीकरण नहीं होने से भारी परेशानी हो रही है और सड़क में जाम लगना आम बात हो गया है लेकिन यह समस्या भाजपा सरकार को दिखाई नही दे रहा है।



**10 किलोमीटर दूर से मंगवाई क्रेन, दिखाई जबरदस्त तत्परता**



मैनपुर देवभोग क्षेत्र में वाहन पलटने के बाद और सड़क को बहल करने के लिए कोई खास व्यवस्था शासन के तरफ से नहीं किया गया है बावजूद इसके मैनपुर थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रा मौके पर पहुंचकर स्थिति को जल्द से जल्द सामान्य करने के लिए तुरंत करीब 10 किलोमीटर दूर अडगड़ी पुल निर्माण स्थल से क्रेन मंगवाई और पलटे हुए वाहन को हटाने का प्रयास किया जा रहा है।

# विधायक ने ग्राम परसदा कला में टिन शेड़ खुड़सा में मंगल भवन का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



विधायक रजिम रोहित साहू ने ग्राम पंचायत परसदाकला के विकास कार्यश्रृंखला के तहत साहू समाज भवन परिसर परसदाकला में रविवार को 10 लाख की लागत से टीनशेड का भूमिपूजन किया एवं साथहीसाथ आश्रित ग्राम खुड़सा में सर्वसुविधायुक्त मंगलभवन के निर्माण का शिलान्यास भी किया गया।समारोह में श्री विधायक साहू ने छत्तीसगढ़ सरकार की प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी, कहा की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की आशिर्वाद से ग्राम गांव को सड़क योजना ग्रामीण संपर्क बढ़ाने के लिए राशि प्रदान किया गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार भी किया गया है। उन्होंने बताया कि टीनशेड और मंगल भवन इन योजनाओं के पूरक हैं आगे ग्रामवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के मंशानुरूप विकास होते रहेंगे। स्थानीय सरपंच परसदाकला गणेश साहू, उपसरपंच पिलेश्वरी साहू, सरपंच प्रतिनिधि युवराज साहू, ग्राम अध्यक्ष बिहारी साहू, ग्राम पटेल धनश्याम नीषाद, सहकारी समिति प्राधिकृत जनक श्रीवास, होरी साहू रवि साहू, सुरेश साहू और ग्रामीणों ने दोनों कार्यों को गांव के बुनियादी ढांचे की दिशा में। परसदाकला टिनाशेड भूमि पूजन कार्यक्रम में

मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित साहू, चुन्नीलाल साहू (पूर्व सांसद महासमुंद लोक सभा), जिला भाजपा महामंत्री चन्द्रशेखर साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष इन्द्राणी नेहरू साहू, जिला पंचायत सदस्य नंदनी साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष हरिश साहू, सरपंच गणेश साहू, लालाराम साहू (अध्यक्ष भक्तिन माता मंदिर समिति राजिम) राजु साहू अध्यक्ष महाविद्यालय फिंगेश्वर, सरपंच गणेश साहू, पूर्व सरपंच मिथलेश साहू, पंचायत सचिव यशवंत निषाद उपस्थित थे।

# कपसीडीह को आज मिलेगा राजस्व ग्राम का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

ग्राम कपसीडीह में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय संगीतमय श्रीरामचरितमानस सम्मेलन में राजिम विधायक रोहित साहू एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू शामिल हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति भाव से ओतप्रोत होकर कार्यक्रम का आनंद लिया। विधायक रोहित साहू ने कहा कि श्रीरामचरितमानस हमें आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देता है। भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर हम एक सशक्त और संस्कारित समाज का निर्माण कर सकते हैं।

■ श्रीरामचरितमानस सम्मेलन में रोहित व चंद्रशेखर शामिल हुए

उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और हमारी संस्कृति को मजबूत बनाते हैं। साथ ही उन्होंने कपसीडीह ग्राम को राजस्व ग्राम का दर्जा मिलने पर कहा कि आप सभी के साथ विगत वर्षों जो संघर्ष किया था उसका परिणाम इससे ग्राम के विकास को नई गति मिलेगी। पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि ग्राम कपसीडीह लंबे समय से राजस्व ग्राम का दर्जा पाने के लिए संघर्ष कर रहा था। यह ग्राम टेका का हिस्सा था, जबकि दोनों के बीच लगभग 2 किलोमीटर की दूरी है। कपसीडीह में स्कूल, आंगनबाड़ी, अलग तालाब सहित मूलभूत सुविधाएं होने और लगभग 800 की जनसंख्या होने के बावजूद भी इसे राजस्व ग्राम का दर्जा नहीं मिल पाया था।



**25 किलोमीटर की पदयात्रा और घेराव का रहा इतिहास–** उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में ग्रामवासियों के सहयोग से 25 किलोमीटर पैदल यात्रा कर एसडीएम कार्यालय राजिम का घेराव किया गया था, जो ग्राम के हक की लड़ाई का प्रतीक था। अब विधायक श्री रोहित साहू के प्रयासों से वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है और आगामी सोमवार को कपसीडीह को राजस्व ग्राम का दर्जा मिल जाएगा। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया तथा सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर हरीश साहू सरपंच संघ अध्यक्ष सरपंच गंगाप्रसाद भ्रारतद्वज, उपसरपंच बुधारू साहू, हुमन यादव, पुरषोत्तम तारक, भूषण साहू, बिरेन्द्र ठाकुर, रामेश्वर ध्रुव, चेमन तारक, नंदकुमार साहू, श्यामसुंदर ध्रुव सहित ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# मर्यादा और नैतिकता का मार्ग दिखाते हैं प्रभु श्री राम : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

ग्राम लोहरसी मे चल रहे छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय श्री रामचरित्र मानसगान सम्मेलन के द्वितीय दिवस संध्या बेला में जिला साहू संघ के जिलाध्यक्ष प्रवीण साहू और पूर्व जनपद अध्यक्ष फिंगेश्वर पुष्पा साहू कार्यक्रम मे शामिल हुए। इस दौरान भाजपा नेता मनीष हरित, युवराज साहू जनपद सदस्य, सोमप्रकाश साहू,कस्तूरी तारक, शेखर साहू, अरुण साहू, जगन्नाथ साहू, ओमकार साहू सहित कई जनप्रतिनिधि पहुंचे सर्वप्रथम संध्या बेला में प्रस्तुति दे रहे मंडलियों के द्वारा भगवान श्री राम की आरती की गई। आरती में सभी जनप्रतिनिधि व ग्रामीण शामिल हुये तत्पश्चात उपस्थित सभी अतिथियों का चंदन बंदन से बारी-बारी स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंच मे प्रस्तुति दे रहे बलौदा बाजार के मंडलियों ने पूरे मंच को अपनी कलाओं से गदगद कर दिया। तबले के ताल से पूरा वातावरण झूम उठा जनप्रतिनिधि भी मंडली के प्रस्तुति को देखकर प्रसन्न हो गए।




**लोहरसी में मानस गान की गूंज**

**मर्यादा पुरुषोत्तम का जीवन ही संदेश–** जिला साहू संघ अध्यक्ष प्रवीण साहू ने कहा की आज ग्राम लोहरसी के इस पावन अवसर पर जहां रामायण की चौपाइयों से पूरा लोहरसी गुंजायमान हो रहा है। रामायण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। यह धर्म, नैतिकता, कर्तव्य और प्रेम का शाश्वत संदेश है। भगवान राम का जीवन हमें सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी मर्यादा (मर्यादा पुरुषोत्तम राम) को कैसे नहीं खोना चाहिए।

**सामंजस्य की प्रेरणा देती है रामायण–** पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष पुष्पा साहू ने कहा की राजा के रूप में राम, भाई के रूप में लक्ष्मण, और पत्नी के रूप में सीता का त्याग और प्रेम, हमें परिवार और समाज में सामंजस्य बनाए रखने की प्रेरणा देता है। आज की प्रतियोगिता में आपने जो मंचन और गायन प्रस्तुत किया, वह केवल कला नहीं है, बल्कि रामायण की शिक्षाओं को आत्मसात करने का प्रयास है। इस दौरान गोपी ध्रुव भाजपा मंडल अध्यक्ष कोपरा, पूर्व जनपद सदस्य दीपक साहू, धर्मेन्द्र यादव, हलधर पटेल, मुकेश निर्मलकर, मुकेश सेन, लक्ष्मीनरायण तिवारी, तेजप्रसाद तिवारी, ओमकार साहू,पालेश्वर साहू, कुबेर यादव पोखन साहू पूर्व जनपद सदस्यविजय साहू, जगत पटेल, आनंद साहू सोमनाथ साहू, जीवन साहू, पुरणसाहू , राजकुमार यादव, युगल साहू सहित श्रद्धांलू उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
मां मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशिः-स्लीपर 16,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

# पतोरा में लगी बाल मित्र चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम पतोरा में इन दिनों बच्चों की खिलखिलाहट और रंग-बिरंगी गतिविधियों से माहौल खुशनुमा बना हुआ है। महिला एवं बाल विकास परियोजना फिंगेश्वर के अंतर्गत राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्रों में कुपोषण दूर करने और बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम पतोरा के आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं द्वारा प्राथमिक शाला पतोरा में "बड़ी-बड़ी बाल मित्र चौपाल" का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया और पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया।



■ तोतली बोली में बच्चों ने बिखेरे सुर

स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र पतोरा और प्राथमिक शाला पतोरा ने मिलकर 6 वर्षीय बच्चों के लिए "बड़ीबड़ी बाल मित्र" कार्यक्रम आयोजित किया। प्राथमिक शाला में रंगोली, कहानीसत्र और स्वास्थ्यजांच हुई, दोपहर को स्कूल प्रांगण में खेलगतिविधियां, चित्रप्रतियोगिता और समूह गान हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में दोस्तीभाव, साझाखेल और स्कूलआंगनबाड़ी के बीच सहज भाव को बढ़ावा देना था। शिक्षक आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने बताया कि सहभागी बच्चों ने एकदूसरे को "बाल मित्र" बनाकर नामपट्टियाँ बांटीं, जिससे आपसी सहयोग की नींव पड़ी। अभिभावकों ने सराहना की छह साल का यह पड़ाव अब केवल नामांकन नहीं, बल्कि समुदायआधारित सीखने का उत्सव बन गया। इस अवसर पर शिक्षक घनश्याम बघेल (प्रधानपाठक), थानुराम निषाद, परमेश्वर यादव तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केसरिया कंवर और कुमेश्वरी बघेल की विशेष भूमिका रही। सरपंच पतोरा सुरज भारती ने भी कार्यक्रम की सराहना की। इनके मार्गदर्शन और प्रयासों से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते है।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर